Title: Need to provide Central assistance to the Government of Maharashtra to meet the drought situation in the State. − Laid.

श्री दानवे रावसाहब पाटिल (जालना): अध्यक्ष महोदय, महाराष्ट्र में अकाल की स्थिति अधिक गंभीर होने के कारण तथा कामों में कमी के कारण अन्य राज्यों में लोग स्थानान्तरित होते जा रहे हैं। मजदूर वर्गो को काम, पशुओं को चारा व पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। इस कारण महाराष्ट्र में स्थिति बहुत गंभीर हो चुकी है।

मैं आपके माध्यम से सूचित करना चाहता हूं कि इस स्थिति से निपटने के लिए शीघ्र केन्द्रीय सहायता महाराष्ट्र शासन को दें और जल्द ही महाराष्ट्र शासन को स्थिति पर नियंत्रण रखने का निर्देश दें।